Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Paswan Shri Sukdeo

>

Title: Issue regarding alleged irregularities in preparation of lists in respect of people living Below Poverty Line in various districts of North Bihar.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : माननीय उपाध्यक्ष जी, अभी बिहार में गरीबी की रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वालों की सूची बनाई गई है, जिसमें काफी अनियमितता हुई है। देश का सबसे अधिक गरीब राज्य बिहार है और 13 अंक का मापदंड बिहार में रखा गया है, जबकि देश के कई राज्यों में कहीं 15 है, कहीं, 20 है और कहीं 25 अंक रखा गया है। आपके माध्यम से मंत्री जी से मैं कहना चाहूंगा, ग्रामीण विकास मंत्री जी संयोग से हमारे जिले में गये थे, वहां उन्हें काफी लोगों ने घेरा और कहा कि हमारी गरीबी रेखा के अंतर्गत जो अनियमतता आई है, जिसके चलते एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. लोगों का नाम गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाले लोगों में नहीं आ पाया है, इसलिए आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री जी से मांग करते हैं कि गरीबी रेखा के अंतर्गत जिन लोगों का नाम छूट गया है, उन लोगों का नाम सूची में दर्ज किया जाए और 13 अंक से बढ़ाकर बिहार राज्य को कम से कम 25 अंक के अंदर गरीबी रेखा में नाम जोड़ने की व्यवस्था की जाए, ताकि गरीब लोगों को राहत मिल सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: As a special case I am now allowing Shri J.M.Aaron Rashid. Please give your notice on time and I hope this will not be repeated again. प्रोपर टाइम पर नोटिस दें, फिर कोई प्राब्लम नहीं।

SHRI J.M.AARON RASHID (PERIYAKULAM): Sir, I would speak in Tamil. सर, मैं हिन्दी और अंग्रेजी में भी बात करूंगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Since you did not give your notice on time, interpretation arrangements could not be made and so you may please speak in either English or Hindi.